Phone : 0657-2299810 (O)

# Lal Bahadur Shastri Memorial College

KARANDIH, JAMSHEDPUR - 831 002

A CONSTITUENT UNIT OF KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA

Ref. No. LBSMC/734/Gen/22 Date 20.07.2022

## आवश्यक सूचना
## (स्नातक के सेमेस्टर –I के सत्र 2022–2025 में)
## चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन के संबंध में

चांसलर पोर्टल –www.jharkhanduniversities.nic.in

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के ज्ञापांक संख्या–KU/DSW/46/2022, दिनांक–20.07.2022 के आलोक में स्नातक के सेमेस्टर–I के सत्र– 2022–2025 में चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन नामांकन से संबंधित समय सारणी के विस्तृत विवरण नीचे दिए गए हैं ।

सभी नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी नीचे दिए गए समय सारणी को नामांकन के लिए ध्यान में रखेंगे एवं तद्नुरूप कार्य करेंगे –

| क्र.सं. | प्रक्रिया | समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन | 21 जुलाई से 10 अगस्त, 2022 तक भरे जा सकते है। |
| 2 | प्रथम मेघा सूची का प्रकाशन | 16 अगस्त, 2022 तक (कॉलेज के वेबसाइट (www.lbsmcollegejsr.com) पर देखे जा सकेंगें) |
| 3 | शिकायत/आपत्ति की तिथि | 12 से 13 अगस्त, 2022 तक (कॉलेज में) |
| 4 | प्रथम मेघा सूची से नामांकन | 16 अगस्त से 25 अगस्त, 2022 तक |
| 5 | द्वितीय मेघा सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) | 26 अगस्त, 2022 |
| 6 | द्वितीय मेघा सूची से नामांकन | 26 अगस्त से 29 अगस्त, 2022 तक |
| 7 | तृतीय मेघा सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) | 30 अगस्त, 2022 |
| 8 | तृतीय मेघा सूची से नामांकन | 30 अगस्त से 02 सितम्बर, 2022 तक |
| 9 | कक्षा प्रारम्भ (Online or Offline according to situation of Covid-19) | 03 सितम्बर, 2022 से |

**ऑनलाईन आवेदन शुल्क : रू0 100/–**

20.07.22 (signature) 20-7-22

Contd... Page-01/03

Phone : 0657-2299810 (O)

**Lal Bahadur Shastri Memorial College**

KARANDIH, JAMSHEDPUR - 831 002

A CONSTITUENT UNIT OF KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA

Ref. No. LBSMC/734/Gen/22 Date 20.07.2022

# नामांकन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां

- सबसे पहले चांसलर पोर्टल पर विद्यार्थी अपने Valid E-mail ID एवं Mobile Number के माध्यम से SING UP कर USER ID एवं PASSWORD Create कर लेंगे ।
- USER ID एवं PASSWORD को भविष्य में प्रयोग के लिए अपने पास हमेशा सुरक्षित रखेंगे ।
- Online Application Form भरने से पहले विद्यार्थी अपना पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर का Scanned Copy, Intermediate/+2 Marksheet and Admit Card etc. अवश्य रख लें ।
- Application पर सभी सूचनाएँ सही–सही भरें । Submission and Payment करने से पहले Preview के माध्यम से भरी गयी सूचनाएँ पुनः पढ़कर जाँच कर लें । विशेष कर विषयों का चयन एवं Combination सावधानी से करें । किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेवार होगें ।
- कोई भी छात्र चांसलर पोर्टल पर अपने Login से "CHANGE REQUEST" विकल्प द्वारा केवल Personal Details यथा– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि में आवश्यक सुधार हेतु Online Request कर सकते हैं जिसकी जानकारी महाविद्यालय को ससमय सूचना देनी होगी । यह पूर्णतया निःशुल्क है ।
- यदि Application Fee/Admission Fee भुगतान करने के बाद विद्यार्थी के खाते से राशि डेबिट हो जाता है/कट जाता है, लेकिन Application Form/Acknowledgement Receipt, Download नहीं हो रहा हो, तो चांसलर पोर्टल पर अपने Login से "PAYMENT" विकल्प में Check Via Bank पर Click कर जाँच कर लें ।

**नोट :–**

1. बिना शुल्क के कोई भी आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं बिना शुल्क के नामांकन फॉर्म जमा करने पर इसे अस्वीकृत होने की स्थिति में इसकी पूरी जबावदेही संबंधित विद्यार्थी की होगी ।
2. ऑनलाईन आवेदन शुल्क (रू 100/–) आवेदन करते समय ही जमा करना है।

20.7.22

20.07.2022

Phone : 0657-2299810 (O)

# Lal Bahadur Shastri Memorial College

KARANDIH, JAMSHEDPUR - 831 002

A CONSTITUENT UNIT OF KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA

Ref. No. LBSMC/734/Gen/22 Date 20.07.2022

3. नामांकन फॉर्म में लिए गये विषयों को विद्यार्थी सोच समझकर नियमानुकूल भरेंगे एवं उसे अच्छी तरह नोट कर लेंगे । त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट एवं गलत विषयों के साथ भरे गए नामांकन फॉर्म के अस्वीकृत होने पर इसकी पूरी जिम्मेवारी संबंधित विद्यार्थी की होगी ।
4. नामांकन हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट में उपलब्ध विषयों की जानकारी प्राप्त कर पूरी तरह समझ कर ही विद्यार्थी नामांकन फॉर्म में उसे दर्ज करेंगे।
5. **यदि कोई विद्यार्थी कोर विषय से स्नातक में नामांकन प्रतिष्ठा विषय के रूप में लेना चाहते हैं तो उसके इंटरमीडिएट के अंकपत्र में ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है । अगर इससे कम अंक हैं तो कोर विषय से प्रतिष्ठा विषय का चयन नामांकन हेतु न करें ।**
6. महाविद्यालय का वेबसाईट www.lbsmcollegejsr.com एवं ई–मेल आई0डी0– lbsmcollege@yahoo.in है ।
7. नामांकन से संबंधित कोई भी जानकारी/सहायता के लिए **नामांकन समिति प्रभारी (मो0–6203239335)** एवं **हेल्प डेस्क (मो0–8210699608)** से **कार्यावधि** एवं **समयानुसार** (समय–10:00 से 5:00 बजे तक) मदद ली जा सकती है ।

संलग्नक :– संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा से प्राप्त ज्ञापांक संख्या–KU/DSW/46/2022, दिनांक–20.07.2022.

अशोक झा 20.07.2022

(डॉ0 अशोक कुमार झा)
प्राचार्य

20.07.2022

KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
Jharkhand, Pin : 833202
Phone No. 06582-255276

D.S.W.
Ref. No. KU/DSW/......46....../2022 Date: 20/07/2022

# स्नातक बी.ए./बी.एस.सी/बी.कॉम (सत्र 2022–25) :
## नामांकन सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमावाली के अनुसार, स्नातक बी.ए./बी.एस.सी/बी. कॉम प्रतिष्ठा अथवा सामान्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022–25 के नामांकन हेतु विवरण निम्न प्रकार है:–

1. नामांकन प्रपत्र चांसलर पोर्टल (www.jharkhanduniversities.nic.in) के द्वारा ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित है।
2. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन : 21 जुलाई से 10 अगस्त 2022 तक भरे जा सकते है।
3. प्रथम सूची का प्रकाशन : 16 अगस्त 2022 (संबंधित कॉलेज/चांसलर पोर्टल के वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे)
4. शिकायत/आपत्ति की तिथिः 12 से 13 अगस्त 2022 तक (संबंधित कॉलेज में)
5. प्रथम सूची से नामांकन : 16 अगस्त से 25 अगस्त 2022 तक
6. द्वितीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) : 26 अगस्त 2022
7. द्वितीय सूची से नामांकन की तिथि : 26 अगस्त से 29 अगस्त 2022
8. तृतीय सूची का प्रकाशन (रिक्त सीट के विरूद्ध) : 30 अगस्त 2022
9. तृतीय सूची से नामांकन की तिथि : 30 अगस्त से 02 सितम्बर 2022
10. कक्षा प्रारंभ (Online or Offline according to situation of COVID-19) : 03 सितम्बर 2022 से
11. ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन शुल्क : Rs. 100/-

सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों/ प्रभारी प्राचार्यों को निदेश दिया जाता है कि नामांकन संबंधी सम्पूर्ण सूचना महाविद्यालय अपने–अपने वेबसाईट (Webiste) एवं चांसलर पोर्टल पर प्रकाशित करना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

Rasida/DSW Office/July 2022

- महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य अपने महाविद्यालय में नामांकन समिति का गठन कर कोल्हान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित CBCS नियमावली के अनुरूप (जो कि आपके महाविद्यालय को पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गई है एवं कोल्हान विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है) नामांकन प्रक्रिया का विधिवत संचालन करेंगे। योग्य विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के उपरांत ही महाविद्यालय स्तर से संबंधित विद्यार्थियों का नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र को Chancellor Portal के माध्यम से College Login द्वारा Online सत्यापित करना सुनिश्चित करेंगे एवं यह भी अवश्य देखे कि उनका नामांकन शुल्क (GE Paper में Practical Paper होने की स्थित में या अन्य कोई स्थिति में) कम तो नहीं दिख रहा है ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय अपने संबंधित बैंक चालान के माध्यम से शेष नामांकन शुल्क प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। इसके बावजुद भी यदि कोई विद्यार्थी का नामांकन प्रक्रिया में त्रुटि परिलक्षित/गलती हुई एवं महाविद्यालय को आर्थिक क्षति भी हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

सभी महाविद्यालय अपने स्तर से विद्यार्थियों को नामांकन में होने वाली हर परेशानी का यथासंभव समाधान कर नामांकन प्रक्रिया को हर हाल में समयावधि में सम्पन्न करायेंगे, जैसे हेल्पडेस्क आदि के माध्यम से।

**<u>नोटः सभी महाविद्यालयों के लिएः</u>**

1. प्रथम सूची से नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 29.08.2022 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।
2. द्वितीय एवं तृतीय सूची से नामांकन ली गई विद्यार्थियों की सूची अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 07.09.2022 तक भेजना अवश्य रूप से सुनिश्चित करें।

कुलपति के आदेशानुसार
ह0/-
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांक : KU/DSW/ 46 /2022
दिनांक : 20/07/2022

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।
2. The PMU TEAM, Chancellor Portal रांची के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाईट।
4. कुलपति/प्रति–कुलपति/कुलसचिव के सहायक को उनके सूचनार्थ।
5. संचिका में।

20/07/22
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

Rasida/DSW Office/July 2022